>**Title:** Request the Government to give free hand to CBI regarding enquiry of the death of Shri Kanware, a Cabinet Minister of Madhya Pradesh.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) :**अध्यक्ष महोदय, मैं बड़े खेद के साथ एक महत्वपूर्ण विाय की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं। एक वा पहले मध्य प्रदेश के एक केबिनेट मंत्री श्री कॉंनरे की हत्या हुई थी। मैंने इस मामले को सदन में भी उठाया था। आज बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूं कि एक वा बीत जाने के बाद अभी समाचार पत्रों में यह उल्लेख किया गया है और एक पंक्ति में यह कह कर विचार व्यक्त किया गया है कि उनकी नक्सलवादियों ने हत्या की। इस मामले की सी. बी.आई. से इनक्वायरी करवाने के लिए मैं केन्द्र सरकार को बधाई देता हूं। इस एक वा में जब से मध्य प्रदेश का विभाजन हुआ है, शो मध्य प्रदेश में बालाघाट ऐसा जिला है जहां लगातार नक्सलवादी गतिविधियां जारी हैं। मंत्री की हत्या के बाद लगातार वहां हत्याएं हो रही हैं। इतना कहने से काम नहीं चलेगा कि नक्सलवादियों ने मंत्री की हत्या की है। उससे ज्यादा गम्भीर बात यह है कि नक्सलवादियों द्वारा उस मंत्री की हत्या करवाई गई है। इस तथ्य की तरफ सी.बी.आई. ने अपना रूख स्पट नहीं किया है। समाचार पत्रों ने, मैंने और उनके परिवारजनों ने इन वियों की तरफ ध्यान आकर्ाित किया था। मेरा सरकार से आग्रह है कि सी.बी.आई. को इस बारे में आवश्यक निर्देश दिए जाएं ताकि वह दबाव में न आते हुए इस विाय पर ध्यान दे।